# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(बारहवां सत्र)

मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न

## सोमवार, 22 अगस्त,2016/31 श्रावण, 1938 (शक्)

----

**[मुख्य मंत्री - सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - वन मंत्री - उद्योग मंत्री - शहरी विकास मंत्री - आबकारी एवं कराधान मंत्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री तथा सहकारिता मंत्री ].**

**कुल प्रश्न - 37**

----

### महाविद्यालय/पाठशालाओं की स्थापना

*3301 **श्री ईश्वर दास धीमान(भोरंज) :**
**श्री विनोद कुमार(नाचन) :**
**श्री रणधीर शर्मा(श्री नैना देवीजी) :**
**श्री कुलदीप कुमार(चिन्तपुरनी) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क)दिनांक 1.4.2013 से 31.7.2016 तक सरकार द्वारा प्रदेश में कितने महाविद्यालय एवं पाठशालाएं खोली गईं;

(ख) इन महाविद्यालयों एवं पाठशालाओं हेतु मूलभूत सुविधाओं जैसे भवन, स्टाफ, फर्नीचर इत्यादि के लिए कितना-कितना बजट प्रावधान कब-कब किया गया; ब्यौरा महाविद्यालय एवं पाठशालावार दें;

(ग) इन महाविद्यालयों एवं पाठशालाओं में स्वीकृत शिक्षक व गैर-शिक्षक पदों का ब्यौरा वहां पर तैनात स्टाफ के नाम व पदनाम सहित दें;

(घ) इन महाविद्यालयों एवं पाठशालाओं में से किस-किस के भवन का निर्माण कर दिया गया है व किस-किस का भवन निर्माणाधीन है; ब्यौरा दें; और

(ङ) जिन महाविद्यालयों एवं पाठशालाओं के भवनों का निर्माण कार्य आरम्भ नहीं हुआ है उनका ब्यौरा विलम्ब के कारणों सहित दें?

----

## विद्युत परियोजनाएं

***3302 श्री किशोरी लाल (बैजनाथ):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में बैजनाथ विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत कितनी विद्युत परियोजनाएं विद्युत उत्पादन कर रही हैं; किन-किन परियोजनाओं में स्थानीय युवाओं को रोजगार दिया गया है; ब्यौरा दें; और

(ख) इन परियोजनाओं से जो-जो ग्रामीण क्षेत्र प्रभावित हुए हैं उन्हें क्या-क्या लाभ दिए जा रहे हैं; ब्यौरा दें?

----

## ऑक्सीजन सिलैण्डर की आपूर्ति

***3303 श्री महेन्द्र सिंह (धर्मपुर):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में प्रदेश के अस्पतालों में ऑक्सीजन गैस की आपूर्ति कौन-कौन कम्पनियां किन-किन दरों पर "D"Type, "B"Type, "A"Type सिलैण्डर की करती रही; ब्यौरा अस्पतालों का वर्षवार दें;

(ख) सरकार IGMC में क्या ऑक्सीजन गैस प्लांट लगाने जा रही है; यदि हां, तो उसकी Tender प्रक्रिया के दस्तावेज सभा पटल पर रखें;

(ग) यह Tender किस कम्पनी को कितने वर्षों के लिए किन-किन शर्तों के साथ दिया गया तथा अब IGMC के अतिरिक्त किन-किन अस्पतालों को यहां से ऑक्सीजन गैस की आपूर्ति किन-किन दरों पर की जाएगी; ब्यौरा दें; और

(घ) कम्पनी के साथ जो MOU/Agreement प्रक्रिया से पहले Negotiation हुई; उन मीटिंग के दस्तावेज की प्रतियां तथा Agreement की प्रति सभा पटल पर रखें?

----

## गृह निर्माण हेतु धनराशि

*3304 **श्री सतपाल सिंह सत्ती(ऊना) :**
**श्री गोविन्द सिंह ठाकुर(मनाली) :**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 1 अप्रैल, 2016 से 31 जुलाई, 2016 तक प्रदेश में गरीबी रेखा से नीचे रह रहे किस-किस वर्ग को गृह निर्माण के लिए धनराशि दी गई; ब्यौरा दें;

(ख) प्रदेश में BPL के अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं सामान्य जाति वर्ग के कितने परिवार चिन्हित हैं; ब्यौरा वर्गवार दें;

(ग) सरकार क्या सामान्य वर्ग के परिवार जो BPL में चिन्हित हैं उन्हें गृह निर्माण/मरम्मत के लिए धनराशि देती है; और

(घ) यदि हां, तो प्रदेश में इस वर्ग के कितने परिवारों ने गृह निर्माण के लिए अभ्यावेदन दिये हैं; ब्यौरा वर्गवार दें?

----

## 14वें वित्तायोग से प्राप्त धनराशि

*3305 **श्री रविन्द्र सिंह(देहरा) :**
**श्री जय राम ठाकुर(सिराज़) :**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 1.4.2016 से 31.7.2016 तक प्रदेश को 14वें वित्तायोग से कितनी धनराशि प्राप्त हुई तथा उसका आबंटन पंचायतों को किस आधार पर किया गया; और

(ख) इस आबंटित राशि को पंचायतों में व्यय करने हेतु क्या मापदण्ड निर्धारित किए गए हैं; ब्यौरा दें?

----

## बद्दी-नालागढ़ फोर लेन

*3306 **श्री राम कुमार (दून):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार द्वारा बद्दी-नालागढ़ फोरलेनिंग का कार्य कब तक शुरू किया जायेगा तथा इस पर कितनी लागत आयेगी; ब्यौरा दें?

----

## निर्माणाधीन जल विद्युत परियोजनाएं

***3307 श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) गत तीन वर्षों में जिला कुल्लू में कितनी और कौन-कौन सी जल विद्युत परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं तथा किस-किस का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है; ब्यौरा निर्माण करने वाली कम्पनी सहित दें;

(ख) इस अवधि में लाडा की कितनी-कितनी धनराशि योजनाशः जिलाधीश के पास जमा की गई और कितनी जमा करनी शेष है; ब्यौरा दें;

(ग) इस धनराशि का आबंटन किस मापदण्ड के अनुसार किया जा रहा है और किस-किस पंचायत को कितनी-कितनी धनराशि प्रदान की गई है; और

(घ) इन परियोजनाओं से लाडा के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि के वितरण हेतु कोई नीति बनाई गई है; यदि हां, तो प्रति सभा पटल पर रखें?

----

## बसों का बेड़ा

***3308 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) वर्तमान में हिमाचल पथ परिवहन निगम के रोहड़ू डिपो में कितनी बसों का बेड़ा(Fleet) है; और

(ख) इस डिपो में कितनी बसों की कमी है और कितने रूट (routes) बंद पड़े हैं; ब्यौरा दें?

----

## मुख्य मन्त्री राज्य स्वास्थ्य देखभाल योजना

***3309 श्री नरेन्द्र ठाकुर (सुजानपुर):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क)सरकार द्वारा मुख्य मंत्री राज्य स्वास्थ्य देखभाल योजना के अन्तगर्त धनराशि आबंटित करने के क्या दिशा-निर्देश/नियम निर्धारित हैं; प्रति सभा पटल पर रखें; और

(ख) इस योजना के अन्तर्गत एकल नारी की परिभाषा क्या है; ब्यौरा दें?

----

## सड़कों की फोरेस्ट क्लीयरेंस

***3310 श्री रवि ठाकुर (लाहौल और स्पिति):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) दिनांक 1 जनवरी, 2013 से 31 जुलाई, 2016 तक प्रदेश सरकार को केन्द्र से कितनी सड़कों की Forest Clearance Approval प्राप्त हुई है; और

(ख)इन सड़कों की Final Approval व In-Principal Approval दोनों का ब्यौरा विधान सभा चुनाव क्षेत्रवार सड़कों के नाम सहित दें?

----

## उठाऊ पेयजल परियोजनाएं

***3311 श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-
(क) सरकाघाट विधान सभा चुनाव क्षेत्र की निम्न उठाऊ पेयजल योजनाओं का शिलान्यास कब-कब किया गया और इनको पूरा करने का क्या-क्या लक्ष्य था; ब्यौरा योजनावार दें:-

(i) उठाऊ पेयजल योजना बैरा-भदरोता-हटली-सुरांगा;

(ii) उठाऊ पेयजल योजना सरकाघाट;

(iii) उठाऊ पेयजल योजना बीड-पट्टा-समसोह; और

(ख) इन योजनाओं की वर्तमान स्थिति क्या है और यह कब तक बनकर तैयार हो जाएंगी; ब्यौरा योजनावार इन पर व्यय की गई धनराशि, अनुमानित लागत व विलम्ब के कारणों सहित दें ?

----

## Filling up of Vacant Posts

***3312 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-
(a) on 31st July, 2016 how many sanctioned posts of Part Time Water Carriers are there in all schools of the Pradesh (both Elementary & Secondary); figures be given education block-wise; and

(b) what steps the Government is taking to fill-up these posts?

----

## Allocation of Funds

***3313 Sh. Krishan Lal Thakur (Nalagarh):**

Will the **Irrigation & Public Health Minister** be pleased to state that:-

(a) whether the funds for the projects/schemes approved under Rural Infrastructure Development Fund are allotted as per the sanctioned schedule of the approved projects/schemes;

(b) if so, for the last three years what was the amount/funds as per the approved schedule by NABARD vis-a-vis the funds actually allotted to various projects/schemes in the State; and

(c) why the funds are not being allotted as per the sanctioned schedule of RIDF for the water supply and Irrigation schemes(tubewells) in the Nalagarh Assembly Constituency?

----

## खनन पट्टे

***3314 श्री बलदेव सिंह तोमर (शिलाई):**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) जिला सिरमौर की तहसील पांवटा साहिब के मौजा बनौर में चूना पत्थर के कितने खनन पट्टे हैं जो अपने खनिज ढुलान के लिए लोक निर्माण विभाग की सड़कों का इस्तेमाल करते हैं;

(ख) कौन-कौन से खनन पट्टों के नीचे से लोक निर्माण विभाग की सड़क गुजरती है; वर्तमान में इन सड़कों की खनन पट्टों से न्यूनतम दूरी कितनी-कितनी है; और

(ग) बनौर के भोराड खड्ड पर बनने वाले पुल की तरफ किस खनन पट्टे का ढलान है और हवाई दूरी कितनी है; ब्यौरा दें?

----

## पाठशालाओं में रिक्तियां

***3315 श्री गोविन्द राम शर्मा (अर्की):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

दिनांक 01.04.2016 से 31.07.2016 तक अर्की विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत प्राथमिक, माध्यमिक एवं वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं में कितने-कितने पद विभिन्न श्रेणियों के रिक्त हैं; ब्यौरा संस्थानवार एवं श्रेणीवार दें?

----

## वाटर गार्ड

*3316 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की कितनी पंचायतों में वाटर गार्ड की नियुक्तियां की जा चुकी हैं तथा कितनी शेष हैं; ब्यौरा पंचायतवार, नाम पते सहित दें;

(ख) पंचायतवार कितने लोगों ने वाटर गार्ड के लिए आवेदन किया था; ब्यौरा उनके नाम पते, शिक्षा व जन्म प्रमाण- पत्र सहित दें; और

(ग) वाटर गार्ड की नियुक्ति के क्या मापदण्ड हैं; प्रति सभा पटल पर रखें?

----

## उप -मण्डलाधिकारी के कार्यालय की स्थापना

*3317 **श्री मनोहर धीमान (इन्दौरा):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सरकार इन्दौरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में उप-मण्डलाधिकारी कार्यालय की स्थापना करने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो कब तक?

----

## उठाऊ सिंचाई योजनाएं

*3318 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) गत 3 वर्षों में चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कौन-कौन सी उठाऊ सिंचाई योजनाओं का निर्माण किया गया; ब्यौरा नाम सहित दें; और

(ख) इन उठाऊ सिंचाई योजनाओं के निर्माण पर कितनी-कितनी धनराशि व्यय की गई; ब्यौरा योजनावार दें?

----

## कर्मचारियों का स्थानांतरण

***3319 श्री संजय रतन (ज्वालामुखी):**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि प्रदेश में नगर निकायों में कार्यरत कर्मचारियों को एक निकाय से दूसरे निकाये में स्थानांतरित किया जा सकता है; यदि नहीं, तो कारण?

----

## आयुर्वैदिक औषधालय की स्थापना

***3320 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **सहकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) गत तीन वर्षों में जिला मंडी में कितने आयुर्वैदिक औषधालय खोले गये; ब्यौरा नाम सहित दें;

(ख) यह सत्य है कि गत वर्ष नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत पलोहटा, मौविसेरी व लोट में आयुर्वैदिक औषधालय खोलने की घोषणा की गई थी; और

(ग) यदि हां, तो सरकार इन पंचायतों में कब तक आयुर्वैदिक औषधालय खोलने का विचार रखती है; विवरण दें?

----

## चंगर क्षेत्र मध्यम सिंचाई परियोजना

***3321 श्री रणधीर शर्मा (श्री नैना देवीजी):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-
(क) यह सत्य है कि सरकार ने जिला बिलासपुर में सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मण्डल बस्सी के अन्तर्गत स्थित चंगर क्षेत्र मध्यम सिंचाई परियोजना को बन्द कर दिया है; और

(ख) यदि हां, तो अधिसूचना की प्रति सभा पटल पर रखें?

----

## उतराला-होली सड़क निर्माण

***3322 श्री किशोरी लाल (बैजनाथ):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि सरकार द्वारा उतराला-होली सड़क का निर्माण कार्य दोनों ओर से करवाया जा रहा है; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार बड़ा भंगाल क्षेत्र को भी इस सड़क से जोड़ने का विचार रखती है?

----

## क्रैश-बैरियर

***3323 श्री महेन्द्र सिंह (धर्मपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) दिनांक 31 जुलाई, 2016 तक प्रदेश में कितनी लम्बाई के क्रैश-बैरियर लगाए गए; ब्यौरा मण्डलवार दें;

(ख) क्रैश-बैरियर में लगने वाला सामान किन-किन कम्पनियों एवं ठेकेदारों से किन-किन दरों में क्रय किया गया; ब्यौरा कम्पनी/ठेकेदार के नाम, पते व कुल व्यय की टैण्डर प्रक्रिया सहित दें;

(ग) क्रैश-बैरियरों को सड़कों में लगाने का कार्य किन-किन ठेकेदारों को दिया गया; सड़क से कितना सामान चोरी हुआ/घटिया पाया गया; ब्यौरा मण्डलवार दें ; और

(घ) यह राशि क्या Black Spots को ध्यान में रखकर भारत सरकार से प्राप्त हुई है?

----

## रामशिला-मनाली सड़क

***3324 श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि सरकार ने रामशिला से मनाली (लेफ्ट बैंक) सड़क की मरम्मत व उन्नयन के लिए पुलों के निर्माण सहित कोई योजना तैयार की है;

(ख) यदि हां, तो क्या इसकी डी0पी0आर0 बना दी गई है; और

(ग) इसमें कितना व्यय सड़क निर्माण पर और कितना पुलों पर किया जाना प्रस्तावित है; ब्यौरा डी0पी0आर0 की प्रति सहित सभा पटल पर रखें?

----

## कार्यरत कार्यालय

***3325 श्री जय राम ठाकुर (सिराज़):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में प्रदेश में कुल कितने उप-मण्डल नागरिक(एस0डी0एम0) कार्यालय, तहसीलें तथा उप-तहसीलें स्थापित हैं; और

(ख) इन सभी कार्यालयों में क्या एस0डी0एम0/तहसीलदार/नायब तहसीलदार कार्यरत हैं; यदि हां, तो ब्यौरा जिलावार दें?

----

## मैट्रो से चण्डीगढ़-बद्दी को जोड़ना

***3326 श्री राम कुमार (दून):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि चण्डीगढ़ मैट्रो से बद्दी को जोड़ने के लिए बनाई जाने वाली DPR की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

----

## घटिया कपड़ा

***3327 श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि दिनांक 16-7-2016 को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री को कर्मचारियों को देय वर्दियों का कपड़ा घटिया (sub-standard) सम्बन्धी शिकायत प्राप्त हुई है और यह भी सत्य है कि वर्ष 2013 से दिनांक 31-7-2016 तक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी व दाईयों को वर्दियों हेतु कपड़ा नहीं दिया गया है; यदि हां, तो कारण; और

(ख) सरकार चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को कपड़ा न देकर नर्सिंग स्टाफ की भान्ति भत्ता देने पर विचार करेगी; यदि हां, तो कब तक?

----

## सड़क निर्माण

***3328 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि दिनांक 1 अप्रैल, 2016 से 31 जुलाई, 2016 तक रोहड़ू विधान सभा चुनाव क्षेत्र में अनुसूचित जाति उप-योजना के अन्तर्गत सड़कों के लिए कितनी धनराशि आवंटित की गई और कितने कि0 मी0 सड़कों का निर्माण किया गया; ब्यौरा दें?

----

## राज्य आपदा राहत कोष

***3329 श्री नरेन्द्र ठाकुर (सुजानपुर):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सरकार द्वारा राज्य आपदा राहत कोष से धनराशि आबंटित करने के क्या दिशा-निर्देश (Guidelines) निर्धारित हैं; प्रति सभा पटल पर रखें; और

(ख) गत दो वर्षों में इस राहत कोष से सुजानपुर विधान सभा चुनाव क्षेत्र में कितनी धनराशि आबंटित की गई; ब्यौरा वर्षवार/कार्यवार व धनराशि सहित दें?

----

## Integrated Tribal Development Project

***3330 Sh. Ravi Thakur (Lahaul & Spiti):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that post of Project Officer is lying vacant at Keylong;

(b) whether it is also a fact that post of Tehsildar in Spiti is also lying vacant since 10 months; and

(c) by when the Government propose to fill up these both posts in the public interest?

----

## पाठशाला परिसर को नुकसान

***3331 श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि हाल ही में वर्षा से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गैहरा के परिसर को भारी नुकसान हुआ है;

(ख) यदि हां, तो कितना; और

(ग) सरकार ने इसको Restore करने व भविष्य में बचाव हेतु क्या पग उठाये हैं; ब्यौरा नुकसान के आकलन सहित दें?

----

## Construction of Helipad

***3332 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) how much amount has been spent so far to construct a helipad at KUNDI (near Salooni) by HPPWD Division Salooni;

(b) how much money is required to complete the work; and

(c) by when is the work likely to be completed?

----

## उद्‌घाटन/शिलान्यास

***3333 श्री बलदेव सिंह तोमर (शिलाई):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि दिनांक 1 जनवरी, 2013 से 31 जुलाई, 2016 तक शिलाई विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत विभिन्न विभागों में कितने उद्‌घाटन व शिलान्यास किये गये व किस-किस के द्वारा किये गये; ब्यौरा तिथि व नाम सहित दें?

----

## अम्बुजा सीमेंट प्लांट द्वारा प्रदूषण

***3334 श्री गोविन्द राम शर्मा (अर्की):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में अम्बुजा सीमेंट प्लांट से फैल रहे प्रदूषण बारे प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड द्वारा कब-कब निरीक्षण किया गया और कौन-कौन अधिकारी निरीक्षण हेतु मौके पर गए; ब्यौरा अधिकारियों के नाम सहित दें?

----

## करूणामूलक आधार पर नियुक्ति

***3335 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) दिनांक 01 जनवरी, 2013 से 31 जुलाई, 2016 तक भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग में करूणामूलक आधार पर भर्ती हेतु कितने व्यक्तियों ने आवेदन किया था; उनमें से कितने लोगों को नियुक्ति दी गई तथा कितने शेष हैं; ब्यौरा नाम पते सहित दें; और

(ख) सरकार कब तक शेष लोगों को नियुक्तियां देने का विचार रखती है?

----

## लोक निर्माण मण्डल कार्यालय की स्थापना

***3336 श्री मनोहर धीमान (इन्दौरा):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सरकार इन्दौरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत लोक निर्माण मण्डल कार्यालय की स्थापना करने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो कब तक ?

----

## विद्युत आपूर्ति में बाधा

***3337 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) गत वर्ष चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के मुख्यतः चौपाल तथा नेरवा में बिजली की आपूर्ति में कितनी बार बाधा आई; ब्यौरा दें; और

(ख) विभाग द्वारा इस बाधा को दूर करने हेतु क्या-क्या पग उठाए गए; विवरण दें?

----

**शिमलाः 171004.** **सुन्दर सिंह वर्मा,**
**दिनांकः 6 अगस्त, 2016.** **सचिव।**